संख्या–3337/बयालिस–2010–1–(बजट)/2010

प्रेषक,

कुमार अरविन्द सिंह देव
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेल,
खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

खेलकूद अनुभाग लखनऊ : दिनांक : 24 जनवरी, 2011

विषय :– उत्तर प्रदेश क्यांकिग एण्ड कैनोइंग एसोसिएशन संघ को वर्ष 2010–11 के वार्षिक कार्य कलापों हेतु का अनुदान स्वीकृत किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र आपके पत्र संख्या– जी0 592 /अनु0 पत्रा0 /2009–10, दिनांक 22 अक्टूबर, 2010 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2010–11 हेतु शासनादेश संख्या–379/बयालिस–96–एस0पी0/10/90, दिनांक 06 फरवरी, 1996 के प्रस्तर–6 में निहित व्यवस्था के अन्तर्गत कैनोइंग एसोसियेशन लखनऊ को रू0 15,000/= (रू0 पन्द्रह हजार मात्र) की धनराशि का अनुदान स्वीकृत किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2– उक्त धनराशि का उपयोग 31 मार्च 2011 तक कर लिया जाय तथा उपयोगिता प्रमाण शासन एवं महालेखाकार उ0प्र0 को उपलब्ध कराया जाएगा।

3– उक्त संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2010–11 के अनुदान संख्या–22 के लेखा शीर्षक "2204–खेलकूद तथा युवा सेवाएं –आयोजनेत्तर–104–खेलकूद–22– प्रदेशीय कीड़ा संघो आदि को प्रतियोगिताओं के आयोजन करने एवं खेलकूद उपकरणो के क्रय हेतु अनावर्तक अनुदान –20–सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता" के नामें डाला जायेगा।

भवदीय,

20.1.11

(कुमार अरविन्द सिंह देव)
प्रमुख सचिव।

संख्या–3337 (1) /42–2010– तद्दिनांक–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाबाद।
2– कोषाधिकारी, जवाहन भवन, लखनऊ।
3– सचिव, उ0प्र0 क्यांकिंग एण्ड कैनोइंग एसोसिएशन लखनऊ।
4– गार्ड फाइल।
5–बजट सहायक।

आज्ञा से,

(अनिल कुमार)
अनु सचिव।

Malamal-2009- to 2011

18.1.11